समस्या | पुलियों की हालत खराब, आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है

क्षतिग्रस्त पुलिया से बढ़ी मुश्किलें,राहगीर परेशान

नवभारत,नरसिंहपुर। सालीचौका क्षेत्र के महत्वपूर्ण सालीचौका-बारहाबड़ा मार्ग पर स्थित पुलियों की हालत खराब होने से राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रहमा गांव के समीप पुलियों के ऊपर की सीमेंट परत उखड़ने के कारण अंदर लगी लोहे की रॉडें बाहर निकल आई हैं। सड़क के बीचों-बीच निकली ये नुकीली रॉडें वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन सवारों और पैदल चलने वालों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क का निर्माण हुए अभी बहुत अधिक समय नहीं बीता है, लेकिन समय से पहले पुलियों का क्षतिग्रस्त होना चिंता का विषय है। दिन की अपेक्षा रात के समय यहां से गुजरना अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि अंधेरे में ये सरिए आसानी से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए अनुरोध किया है कि जनहित में इन पुलियों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। क्षेत्रवासियों की मांग है कि सड़क को दुरुस्त कर बाहर निकली रॉडों को हटाया जाए ताकि इस मार्ग पर यातायात सुगम और सुरक्षित हो सके।

सड़कों पर अतिक्रमण का कब्जा,चरमराई यातायात व्यवस्था से राहगीर बेहाल

नवभारत,गोटेगांव। नगर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है, जिससे शहरवासियों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। रिक्शा स्टैंड से भगतराम चौराहा, गुप्ता चौक से ठाकुर बाबा मार्ग और पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग तक, हर जगह सड़कों पर अवैध कब्जों के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं। आलम यह है कि सड़क किनारे एक भी वाहन खड़ा होने पर तुरंत लंबा जाम लग जाता है, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को घंटों परेशान होना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ गया है। नगर की सुंदरता और सुगमता को बहाल करने के लिए अब जनता ने प्रशासन से नियमित अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और यातायात के सुदृढ़ीकरण की मांग की है। बिना सख्त कदम उठाए नगर को इस जाम के झाम से मुक्ति मिलना असंभव नजर आ रहा है।

नाबालिग से दरिंदगी करने वाला आरोपी 8 घंटे में गिरफ्तार

नवभारत,गाडरवारा। नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत गाडरवारा थाना पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए, एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 8 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

डरा-धमकाकर दिया वारदात को अंजाम

मिली जानकारी के अनुसार, घटना 19-20 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि की है। कक्षा नौवीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय नाबालिग पीड़िता के घर पर आरोपी, जो उसके पिता के साथ ही काम करता था, ने प्रवेश किया। 28 वर्षीय आरोपी ने बालिका को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ घृणित कृत्य (गलत काम) किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस की विशेष टीम और घेराबंदी

मामले की गंभीरता को देखते हुए नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक (स्क्क) डॉ. ऋषिकेश मीना ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश जारी किए। उनके निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एसडीओपी ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीम में मुख्य रूप से शामिल उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, एएसआई राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक अंजली दुबे और वरिष्ठ आरक्षक अखिलेश पटेल की सक्रियता से आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने के मात्र 8 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया।

इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी रुख अपनाते हुए भारतीय न्याय संहिता (BNS) और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

स्वच्छता अभियानों को ठेंगा दिखा रही राजा कछार पंचायत

नवभारत,गोटेगांव। एक ओर सरकार स्वच्छता को लेकर करोड़ों खर्च कर अभियान चला रही है, वहीं जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत राजा कछार के तिरका गांव में जमीनी हकीकत दावों के उलट नजर आ रही है। गांव के मुख्य मार्ग पर प्रहलाद पटेल के मकान के सामने पिछले लंबे समय से 24 घंटे गंदा पानी जमा रहता है, जिससे न केवल राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है बल्कि क्षेत्र में संक्रमण फैलने का भय भी बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और पंचायत प्रशासन की घोर उदासीनता के कारण यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय निवासियों द्वारा सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को कई बार इस नारकीय स्थिति से अवगत कराया गया, किंतु जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। पंचायत कर्मियों की इस अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों को डर है कि ठहरे हुए दूषित पानी के कारण गांव में कोई बड़ी महामारी पैर पसार सकती है। त्रस्त ग्रामीणों ने अब जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से इस गंभीर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा यह खिलवाड़ रुक सके।

कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह के प्रयासों से जिले को मिली बड़ी सौगात

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के सतत प्रयासों के फलस्वरूप नरसिंहपुर स्थित शासकीय विधि महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु 8 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा पत्र जारी कर स्वीकृति की जानकारी प्रदान की गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से महाविद्यालय के लिए नए एवं सुव्यवस्थित भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्तमान व्यवस्थाओं के चलते विद्यार्थियों को पर्याप्त कक्षाओं, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा था। नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने से अब विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर नहीं भरे जाने से बनी रहती है दुर्घटनाओं की आशंका

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव से नरसिंहपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग कमती, मानेगांव, बेलखेड़ी की हालत इन दिनों खस्ताहाल है। दादा महाराज वाले इस प्रमुख मार्ग पर सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर नहीं भरे जाने से गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा पर पूरी वसूली की जा रही है, लेकिन सड़क के रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। साइड शोल्डर खाली होने के कारण सड़क की किनारों की मिट्टी धंस रही है, जिससे सड़क भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थिति इतनी विकट है कि भारी

वाहनों को साइड देते समय दोपहिया और छोटे वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहे हैं। रात के समय और बारिश के दौरान यह मार्ग किसी बड़े हादसे का केंद्र बन सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस व्यस्त मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर साइड शोल्डर की मरम्मत कराई जाए, ताकि वाहन चालक का सफर सुरक्षित हो सके।

नरसिंह वार्ड में विकास का शंखनाद,13 लाख की लागत से कार्य शुरू

नवभारत,करेली। 7 नगर पालिका परिषद करेली द्वारा नगर विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाकर कायाकल्प 2.0 योजना के अंतर्गत नरसिंह वार्ड में डामलीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार के नेतृत्व में करेली नगर में समग्र विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

इसी क्रम में नरसिंह वार्ड में बासिर खान के कॉम्प्लेक्स से बालाजी नगर पुलिया तक लगभग 13 लाख रुपए की लागत से डामलीकरण कार्य कराया जा रहा है। यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। यह मार्ग रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 2 को भी जोड़ेगा, जिससे नागरिकों को

रेलवे स्टेशन आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी धूल, गड्ढों और बरसात के दौरान कीचड़ की समस्या से परेशान थे। डामलीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद इन समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका परिषद करेली द्वारा वार्ड स्तर पर किए जा रहे विकास कार्य शहर की तस्वीर बदलने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत किए जा रहे ये विकास कार्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं, बल्कि नागरिक सुविधाओं को भी मजबूत कर रहे हैं। शहरवासियों ने इन कार्यों की सराहना करते हुए इसे विकास की नई दिशा बताया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार, वार्ड पार्षद खालिक कुरैशी, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक सलीम मंसूरी, बसीर खान, गणेश मालवीय, सज्जू भाईजान, जाकिर खान, मुबीन खान, रज्जन मिश्रा, सुनील सोनी, नगर पालिका से सब इंजीनियर योगेंद्र बाथरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रेलवे लाइन स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर मार्ग पर शराबियों का जमघट

नवभारत,गोटेगांव। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आस्था के केंद्र मां सिंहवाहिनी मंदिर मार्ग पर बढ़ती शराबखोरी से श्रद्धालु परेशान हैं। रेलवे लाइन के किनारे स्थित इस मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा खुलेआम शराब पीने से मंदिर आने वाली महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व में शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और इस मार्ग पर रोजाना शराबियो का जमघट लगा रहता है। श्रद्धालुओं ने मंदिर मार्ग की पवित्रता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन से नियमित पेट्रोलिंग और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर में

मुनिश्री सागर के सानिध्य में बह रही धर्म की गंगा

नवभारत,गोटेगांव। समीपवर्ती करकबेल स्थित जैन मंदिर धर्मशाला में मुनिश्री सागर महाराज विराजमान हैं, जिनके सानिध्य में क्षेत्र में धर्म की गंगा बह रही है। परोपकार धाम तीर्थ, धनोरा में अपना 37वां चातुर्मास सानंद संपन्न कर विहार करते हुए मुनिश्री का आगमन नरसिंहपुर जिले के करकबेल में हुआ है। महाराजश्री द्वारा प्रतिदिन दो सत्रों में मंगल प्रवचन दिए जा रहे हैं, जिसका समय सुबह 8:30 से 9:30 बजे और दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक निर्धारित है। धर्म चर्चा के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कारों से जो ?ने हेतु प्रतिदिन शाम 6:30 बजे गुरु भक्ति एवं बाल संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इन आयोजनों में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी पहुँचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।



असंगठित श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित कर रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

नवभारत,नरसिंहपुर। भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवायएम) संचालित की जा रही है। यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है, मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो आयकरदाता नहीं हैं और ईपीएफओ (पीएफ), ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं हैं, वे इस योजना के लिए पात्र हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में लाभार्थी को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान करना होता है। लाभार्थी द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी योगदान के रूप में किया जाता है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को न्यूनतम 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। वहीं लाभार्थी की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को पेंशन की 50 प्रतिशत राशि पारिवारिक पेंशन के रूप में देय होती है। योजना में पंजीयन की सुविधा जिले के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध है। श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करें। अधिक जानकारी के लिए श्रमिक नजदीकी सीएससी केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

जनगणना संबंधी कार्य करने के लिए दो कर्मचारी संलग्न

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में जनगणना 2027 संबंधी कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए जिला जनगणना अधिकारी ने दो कर्मचारियों को जनगणना कार्य में संलग्न करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सहायक ग्रेड 3 अंकित वर्मा एवं भृत्य अमित कुमार राजपूत को जनगणना समाप्ति एवं आगामी आदेश तक जिला जनगणना कार्यालय नरसिंहपुर में संलग्न किया गया है। उक्त कर्मचारी जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे।

दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 को

नवभारत,नरसिंहपुर। जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो दो चरणों में सम्पादित किया जाएगा। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 23 एवं 24 फरवरी को प्रात- 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर लता बान ने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी- एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी- एनआईसी, समस्त नगरीय चार्ज अधिकारी- सीएमओ, समस्त ग्रामीण चार्ज अधिकारी- तहसीलदार, समस्त ग्रामीण अतिरिक्त चार्ज अधिकारी- प्रत्येक तहसील से एक नायब तहसीलदार एवं प्रत्येक चार्ज स्तर से एक जनगणना लिपिक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे।

नगर पालिका ने की नागरिकों से कर का भुगतान करने की अपील की

नवभारत,गोटेगांव। विगत दिवस स्थानीय नगर पालिका परिषद गोटेगांव की राजस्व टीम द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नगर क्षेत्र में कुल बकाया राशि निम्नानुसार है संपत्तिकर ङ्क ?1,63,39,468/-जलकर ङ्क ?62,31,912/-दुकान किराया ङ्क ?19,38,933/-धरोहर राशि ङ्क ?84,34,297/-हैं जो कि अभियान के तहत राजस्व टीम द्वारा ?1,27,308/- (दुकान किराया एवं धरोहर राशि) की वसूली की गई। वसूली कार्यवाही निरंतर जारी है। यह कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतेन्द्र शालवार के निर्देशानुसार की जा रही है। साथ ही, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 14 मार्च दिन शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत संपत्तिकर, जलकर एवं दुकान किराया के बिल तैयार कर संबंधित करदाताओं को वितरित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित की जा सके।

ज्ञापन के जरिए मुख्यमंत्री तक पहुंचाई 15 सूत्रीय मांग

नवभारत,नरसिंहपुर। सनातन ब्राह्मण महासभा नरसिंहपुर द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह-मिलन समारोह एवं सहभोज के अवसर पर समाज की एकजुटता देखने को मिली। इस गरिमामय आयोजन के दौरान महासभा ने सामाजिक, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विकास को लेकर एक व्यापक 15 सूत्रीय मांग पत्र स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा।

ज्ञापन में गौ, गीता, नर्मदा और संस्कृत के संरक्षण को सर्वोपरि रखते हुए गौ माता को राज्य माता घोषित करने और हर निकाय व ग्राम स्तर पर गौ-सेवकों की नियुक्ति के साथ रिक्त शासकीय भूमि गौशालाओं को सौंपने की मांग की गई है। साथ ही मां नर्मदा की निर्मलता बनाए रखने, मंदिरों को अतिक्रमण मुक्त कर उनके जीर्णोद्धार और श्रीमद् भागवत गीता को शिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल करने की वकालत की गई है। महासभा ने सामान्य वर्ग के

हितों पर जोर देते हुए आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्ण (ईडब्ल्यूएस) परिवारों के लिए स्थाई प्रमाण पत्र जारी करने, आयु सीमा व शिक्षण शुल्क में छूट देने और स्थानीय निकायों में अन्य आरक्षित वर्गों की भांति स्थान आरक्षित करने की मांग उठाई है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नरसिंहपुर की आवश्यकताओं को देखते हुए जिले में संस्कृत, योग, आयुर्वेद, इंजीनियरिंग, चिकित्सा और कृषि महाविद्यालय खोलने का आग्रह किया गया है। साथ ही संस्कृत पाठशालाओं के आधुनिकीकरण और आचार्यों की नियमित भर्ती की बात भी कही गई है। ज्ञापन में एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए बिना जांच के गिरफ्तारी न करने, पुजारियों व कर्मकांडी ब्राह्मण परिवारों को असंगठित क्षेत्र के श्रमिक लाभ देने और शासकीय सेवकों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल किए गए हैं। इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से इन मांगों पर शासन स्तर पर त्वरित संज्ञान लेने की अपील की है।

उच्च शिक्षा मंत्री अंदर, बाहर विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शनिवार को मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे थे, कार्यक्रम के दौरान होम साइंस कॉलेज के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का घेराव किया गया। कार्यक्रम के बाद बाहर आकर मंत्री परमार प्रदर्शन कर रहे विधार्थियों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना, जिसके बाद एबीवीपी के विद्यार्थियों ने मंत्री परमार को ज्ञापन सौंपा।

कई बार सौंपा ज्ञापन, नहीं हुआ निराकरण

कार्यकर्ताओं का कहना था कि इन समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार कुलगुरु को ज्ञापन सौंपा गया, किंतु प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान महाकोशल प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव ,केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य माखन शर्मा , महानगर मंत्री आर्यन पुंज , महानगर संगठन मंत्री प्रभात तिवारी , प्रांत सह मंत्री अनमोल सोनकर, ऐश्वर्य सोनकर , शोभित मिश्रा , अक्षत ताम्रकार , तृषा पांडेय , पारुल साहू , प्रियंका त्रिपाठी,आर्य राजे सिंह ,भास्कर पटेल , प्रफुल तिवारी , दिव्यांक पचौरी , लखन मांझी , तनिष्क पांडे , नयन जैन ,सूर्यांश ठाकुर, अनिमेष केवट, यश पटेल , आदि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।

एनएसयूआई ने भी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रशासनिक व्यवस्थाएं ठप हो गई हैं इससे न तो समय पर परीक्षाएं आयोजित हो पा रही हैं और न ही परिणाम आ रहे है। छात्रहितो की लगातार अनदेखी की जा रही है विवि की इस कार्य प्रणाली से छात्रों का भविष्य संकट में आ गया है उक्त आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्र संघ चुनाव बहाली की भी मांग की। इस मौके पर छात्र नेता अनुराग शुक्ला, शफी खान, युग ठाकुर, अनिकेत तिवारी,राजीव श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

अखंड निराहार मां नर्मदा परिक्रमा दादा गुरु का आज होगा साईखेड़ा में आगमन

नवभारत,साईखेड़ा। माँ नर्मदा की गोद में चल रही आध्यात्मिक तपस्या का जीवंत उदाहरण, अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु भगवान जी की अखंड निराहार नर्मदा सेवा परिक्रमा का चतुर्थ चरण अब साईखड़ा पहुँचने वाला है। वर्षों से बिना अन्न ग्रहण किए केवल माँ नर्मदा के जल के सहारे तपस्यारत दादा गुरु जी के आगमन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 23 फरवरी (सोमवार) को दोपहर में श्री दादा गुरु जी ग्राम पीपरपानी से अपनी पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। शाम लगभग 5:00 बजे उनका आगमन साईंखे ?ा की सीमा में होगा। यहाँ के कमला पैलेस में रात्रि विश्राम और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जहाँ श्रद्धालु उनके दर्शन और सत्संग का लाभ उठा सकेंगे। श्री दादा गुरु भगवान जी की परिक्रमा अन्य परिक्रमाओं से भिन्न और अत्यंत कठिन है। वे एक ऐसे सिद्ध संत हैं

जिन्होंने वर्षों से अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया है और वे पूरी तरह से केवल नर्मदा जल पर ही आश्रित हैं। उनकी यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण और नर्मदा शुद्धि के प्रति जनमानस को जागरूक करने का संदेश भी देती है। अगले दिन 24 फरवरी (मंगलवार) को सुबह 7:00 बजे दादा गुरु जी मेन रोड साईंखे ?ा से पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। यह यात्रा धूनी दादा दरबार होते हुए ग्राम मुआर की ओर प्रस्थान करेगी। आयोजकों ने विशेष रूप से आग्रह किया है।